
जमशेदपुर, शुक्रवार
05.07.2024 | 07
प्रभात खबर

# नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के 12 छात्रों का अडानी ग्रुप में चयन



**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट इकाई की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. इसमें गुजरात स्थित अडानी ग्रुप ने विश्वविद्यालय के 12 विद्यार्थियों का चयन डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी के पद पर किया. प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. कंपनी ने गुजरात स्थित अपने कार्यालय के लिए मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से सरण कुमार गोप, बिट्टू पात्रो, समीर अंसारी, सौरभ कुमार, अखिलेश सिंह, गोवर्धन महतो, मो. अदनान, सूरज महतो, जयराम महतो, रोहित कुमार, रंजीत महतो और रौनित शर्मा का चयन किया है. चयनित विद्यार्थियों को आरंभ में 2.50 लाख का औसतन वार्षिक वेतन प्राप्त होगा. प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इनकी दक्षता एवं कार्य दायित्व के अनुसार वेतन वृद्धि की जाएगी.

**हर बैच के 60 फीसदी बच्चों का हो चुका है प्लेसमेंट : कुलसचिव:** विद्यार्थियों की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने वाला पल है. कहा कि इस वर्ष बेहतर प्लेसमेंट हुआ है. विवि के विभिन्न क्लास के 60 फीसदी बच्चों का प्लेसमेंट हो चुका है.